**CLASS : 12th Sr. Sec. (Academic) Code No. 3030**

**Series : SS-M/2016**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |  **SET : C**

# जीव विज्ञान

# BIOLOGY

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC***

**2nd SEMESTER**

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

***Evening Session***

*Time allowed :* ***2½*** *hours ]* *[ Maximum Marks :* ***60***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **15** *तथा प्रश्न* **18** *हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are* **15** *in number and it contains* **18** *questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The* ***Code No.*** *and* ***Set*** *on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page / pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***सामान्य निर्देश :***

(i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल* **18** *प्रश्न हैं, जो चार* ***खण्डों : अ, ब, स*** *तथा* ***द*** *में विभक्त हैं।*

(iii) ***खण्ड – अ*** *में* ***एक*** *प्रश्न है जिसके* ***बारह*** *(i-xii) भाग हैं जिनमें (i) से (vii) तक बहुविकल्पीय तथा (viii) से (xii) तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

(iv) ***खण्ड – ब*** *में प्रश्न संख्या* **2** *से* **10** *तक अति-लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।*

(v) ***खण्ड – स*** *में प्रश्न संख्या* **11** *से* **15** *तक लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक हैं।*

(vi) ***खण्ड – द*** *में प्रश्न संख्या* **16** *से* **18** *तक दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं।*

(vii) *सभी दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नों में आन्तरिक छूट उपलब्ध है। ऐसे प्रश्नों में से आपको केवल* ***एक*** *ही प्रश्न करना है।*

***General Instructions :***

(i) ***All questions are compulsory.***

(ii) *This question paper contains* **18** *questions, which are divided into four* ***Sections : A, B, C*** *and* ***D****.*

(iii) ***Section – A*** *contains* ***one*** *question having* ***twelve*** *(i-xii) parts, in which (i) to (vii) are multiple choice type and (viii) to (xii) are objective type questions. Each question carries 1 mark.*

*(iv)* ***Section – B*** *contains question numbers* **2** *to* **10** *of very short answer type questions and carry 2 marks each.*

*(v)* ***Section – C*** *contains question numbers* **11** *to* **15** *of short answer type questions and carry 3 marks each.*

*(vi)* ***Section – D*** *contains question numbers* **16** *to* **18** *of long answer type questions and carry 5 marks each.*

*(vii)* *Internal choice is available in all long answer type questions. You have to attempt only* ***one*** *of the given choice in such questions.*

## खण्ड – अ

## SECTION – A

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

## (Objective Type Questions)

***नोट :*** *निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के* ***सही*** *विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

*Select the* ***correct*** *option of the following multiple choice questions and write in answer-books.*

**1.** (i) XO प्रकार का लिंग निर्धारण किसमें पाया जाता है ? 1

(A) मादा टिड्डा (B) नर ड्रोसोफिला

(C) मादा ड्रोसोफिला (D) इनमें से कोई नहीं

XO type of sex determination is found in :

(A) Female grasshopper

(B) Male Drosophila

(C) Female Drosophila

(D) None of these

(ii) एक प्रारूपी न्यूक्लियोसोम में डी एन ए कुंडली कौन-सी होती है ? 1

(A) 100 क्षार युग्म

(B) 200 क्षार युग्म

(C) 300 क्षार युग्म

(D) 400 क्षार युग्म

A typical nucleosome contains DNA helix of :

(A) 100bp (B) 200bp

(C) 300bp (D) 400bp

(iii) कितने मिलियन वर्ष पूर्व अकशेरुकी जीव बने एवं क्रियाशील हुए ? 1

(A) 100 (B) 200

(C) 320 (D) 500

How many million years ago invertebrates were formed and active ?

(A) 100 (B) 200

(C) 320 (D) 500

(iv) निम्नलिखित में से किस पर ह्यूगो डी व्रीज़ ने काम किया और म्यूटेशन के विचार को आगे बढ़ाया ? 1

(A) मटर

(B) इवनिंग प्राइमरोज

(C) मार्सुपियल

(D) शलभ

On which of the following Hugo de Vries worked & brought forth the idea of evolution ?

(A) Pea

(B) Evening Primrose

(C) Marsupials

(D) Moth

(v) निम्नलिखित में से पी सी आर का पहला चरण कौन-सा है ? 1

(A) प्रतिकृति

(B) निष्क्रियकरण

(C) तापानुशीलन

(D) प्रसार

Which of the following is the first step in PCR ?

(A) Replication

(B) Denaturing

(C) Annealing

(D) Extension

(vi) गोलकृमि से कौन-सी बीमारी होती है ? 1

(A) ऐस्केरिएसिस

(B) एलीफैंशीएसिस

(C) (A) और (B) दोनों

(D) रिंगवर्म

Which disease is caused by Roundworm ?

(A) Ascariasis

(B) Elephantiasis

(C) Both (A) and (B)

(D) Ringworm

(vii) निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिरक्षी कोलोस्ट्रम में प्रचुर मात्रा में पाई जाती है ? 1

(A) Ig A (B) Ig E

(C) Ig M (D) Ig G

Which of the following antibodies found in abundance in colostrum ?

(A) Ig A (B) Ig E

(C) Ig M (D) Ig G

(viii) ***दो*** विषाणुओं के नाम लिखिए जिनमें आर एन ए आनुवंशिक पदार्थ है। 1

Name ***two*** virus in which RNA is genetic material.

(ix) अजीवात् जनन क्या है ? 1

What is Abiogenesis ?

(x) एक स्वप्रतिरक्षा रोग का नाम लिखिए। 1

Name an Auto-immune disease.

(xi) कवक की कोशिका को तोड़ने में कौन-सा एंज़ाइम का प्रयोग होता है ? 1

Which enzyme is used to break cell of fungus ?

(xii) डी एन ए खंड ............. आवेशित (चार्जड) अणु होते हैं। 1

DNA fragments are ............. charged molecules.

**खण्ड – ब**

**SECTION – B**

**(अति-लघूत्तरात्मक प्रश्न)**

**(Very Short Answer Type Questions)**

**2.** तंबाकू में कौन-सा ऐल्केलाइड होता है ? इसके प्रभाव क्या होते हैं ? 2

Which alkaloid is found in Tobacco ? What are its effects ?

**3.** हरित और नील क्रांति क्या है ? 2

What is Green and Blue revolution ?

**4.** प्राथमिक और द्वितीयक लसीकाय अंगों के नाम लिखिए। 2

Name various primary and secondary lymphoid organs.

**5.** जेनेटिकली मॉडीफॉइड पौधे किस प्रकार लाभदायक हैं ? 2

How are genetically modified plants useful ?

**6.** विशेष सृष्टि के सिद्धान्त के बारे में लिखिए। 2

Write about theory of special creation.

**7.** पुनर्योगन डी एन ए प्रौद्योगिकी का चिकित्सा में क्या उपयोग है ? 2

What are applications of recombinant DNA technology in medicine ?

**8.** डी एन ए में ***दो*** पॉलीन्यूक्लिओटॉइड शृंखलाओं के बीच की दूरी हमेशा लगभग समान क्यों रहती हैं ? 2

Why does the distance between ***two*** polynucleotide chains in DNA remains almost constant ?

**9.** डाउन सिंड्रोम के बारे में लिखिए। 2

Write about Down's syndrome.

**10.** परीक्षार्थ संकरण क्या है ? इसकी उपयोगिता दीजिए। 2

What is test cross ? Give its application.

## खण्ड – स

## SECTION – C

### (लघूत्तरात्मक प्रश्न)

### (Short Answer Type Questions)

**11.** प्रतिकृत द्विशाख क्या है ? डी एन ए पर निर्भर डी एन ए पॉलीमरेज कैसे डीआक्सीन्युक्लियोटाइड का बहुलकन करता है ? 3

What is replication fork ? How does DNA dependent DNA polymerase catalyse polymerization of deoxynucleotide ?

**12.** हीमोफीलिया का वर्णन कीजिए। 3

Describe Haemophilia.

**13.** क्राई प्रोटींस क्या हैं ? इसको पैदा करने वाले जीव का नाम लिखिए। मनुष्य इस प्रोटीन को अपने फायदे के लिए कैसे उपयोग में लाता है ? 3

What are cry proteins ? Name an organism that produce it ? How does man exploit this protein for his benefit ?

**14.** मानव कल्याण में पशुपालन की क्या भूमिका है ? 3

What is the role of animal husbandry in Human Welfare ?

**15.** एक प्रारूप बायोगैस संयंत्र की संरचना का वर्णन कीजिए। 3

Describe the structure of Typical Biogas Plant.

**खण्ड – द**

**SECTION – D**

**(दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)**

**(Long Answer Type Questions)**

**16.** आनुवंशिक कूट क्या है ? इसकी मुख्य विशेषताएँ लिखिए। 5

What is Genetic Code ? Write its salient features.

**अथवा**

**OR**

मानव जिनोम की मुख्य विशेषताएँ लिखिए।

Write salient features of Human Genome ?

**17.** मानव के उद्‌भव और विकास का वर्णन कीजिए। 5

Describe the origin and evolution of Man.

**अथवा**

**OR**

प्राकृतिक वरण क्या है ? एक उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

What is Natural Selection ? Explain it with an example.

**18.** प्लैज़्मोडियम के जीवन चक्र का वर्णन कीजिए। 5

Describe the life cycle of Plasmodium.

**अथवा**

**OR**

प्रतिरक्षी (प्रतिपिंड) क्या होते हैं ? प्रतिरक्षी अणु की संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए।

What are Antibody ? Describe the structure of antibody molecule with a well labelled diagram.